भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण
राजभाषा अनुभाग
****

सं. सीईए-एसवाई-27-13/1/2020-राजभाषा-पार्ट(1)/ 126-183 दिनांक: 2 अप्रैल, 2024

**विषय: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 20 मार्च, 2024 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त- अनुवर्ती कार्रवाई का अनुरोध।**

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 20 मार्च, 2024 को आयोजित बैठक का अध्यक्ष, केविप्रा महोदय द्वारा अनुमोदित कार्यवृत्त आपकी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है। सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभाग अधिकारियों से अनुरोध किया जाता है कि कृपया कार्यवृत्त की सुसंगत मदों पर अनुवर्ती कार्रवाई कर अनुपालन रिपोर्ट दिनांक 22 अप्रैल, 2024 तक इस अनुभाग को भिजवाने का कष्ट करें।

**संलग्नः** यथोपरि।

2/4/24
(ऊषा वर्मा)
उप निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

1. अध्यक्ष, केविप्रा के निजी सचिव।
2. सभी सदस्य, केविप्रा।
3. प्रधान मुख्य अभियंता 1 एवं 2
4. सचिव, केविप्रा।
5. केविप्रा की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।
6. केविप्रा के सभी प्रभाग/अनुभाग।
7. सहायक निदेशक (राजभाषा), विद्युत मंत्रालय, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001.
8. उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-66.

## केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 20 मार्च, 2024 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष महोदय, केविप्रा एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में दिनांक **20 मार्च 2024** को केविप्रा मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों/अधिकारियों की सूची अनुबंध में दर्शायी गई है।

बैठक के आरंभ में राजभाषा प्रभारी ने केविप्रा के अध्यक्ष महोदय, केविप्रा के माननीय सदस्यों, एवं बैठक में उपस्थित समिति के सभी सदस्यों एवं विशेष रूप से आमंत्रित सदस्यगण, केविप्रा का स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से इस बैठक की कार्यसूची पर विस्तृत विचार-विमर्श प्रारंभ किया।

**मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 29 दिसंबर, 2023 को हुई पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

राजभाषा प्रभारी ने बताया कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 29 दिसंबर, 2023 को संपन्न हुई थी, जिसका कार्यवृत्त समिति के सभी सदस्यों को 10 जनवरी, 2024 को अनुवर्ती कार्रवाई का अनुरोध करते हुए भिजवा दिया गया था जिस पर किसी भी प्रभाग/अनुभाग से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। राजभाषा प्रभारी द्वारा अध्यक्ष महोदय से पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि किए जाने का आग्रह किए जाने पर **अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों की सर्वसम्मति से इस संबंध में सहमति प्रदान की गई ।**

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई।**

बैठक में बताया गया कि के.वि.प्रा के सभी प्रभागों/अनुभागों की दिनांक 1 अक्टूबर, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 तक की दिनांक 25 जनवरी, 2024 तक प्राप्त हुई हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट समेकित कर अध्यक्ष महोदय के अनुमोदनोपरांत विद्युत मंत्रालय को 30 जनवरी, 2024 भिजवा दी गयी थी। साथ ही राजभाषा विभाग के निर्धारित पोर्टल पर भी यह रिपोर्ट समय पर ऑनलाईन जमा करवा दी गई थी। अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी प्रभाग/अनुभाग प्रमुखों से तिमाही समाप्त होने की आगामी माह की 10 वीं तारीख तक तिमाही रिपोर्ट राजभाषा अनुभाग को भिजवाने के निर्देश दिए गए तथा तिमाही रिपोर्ट विलम्ब से भेजने वाले प्रभागों/अनुभागों को अगली तिमाही में नियत तिथि तक तिमाही रिपोर्ट भेजने संबंधी अनुस्मारक जारी करने के निर्देश दिए गए ।

केविप्रा के केवल कुछ प्रभागों एवं अनुभागों द्वारा ही हिंदी में पत्राचार एवं नोटिंग की कम प्रतिशतता का उल्लेख किया गया जिस पर, अध्यक्ष महोदय ने आगामी तिमाही में पत्राचार में और वृद्धि कर इसे शत प्रतिशत करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कम प्रतिशतता वाले प्रभाग/अनुभाग

प्रमुखों द्वारा आगामी तिमाही में हिंदी में किए जाने वाले पत्राचार की प्रतिशतता में वृद्धि हेतु अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की गई।

राजभाषा प्रभारी ने बताया कि 15 अक्टूबर, 2023 को केविप्रा के 50वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किए जाने वाले समारोह के लिए केविप्रा के सभी प्रभागों/अनुभागों के कर्मियों के सहयोग से राजभाषा अनुभाग को एक थीम सांग की तैयारी की जिम्मेवारी मिली थी, जिसका निर्वहन सभी ने प्रशंसनीय तौर पर सफलतापूर्वक किया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने थीम सांग में यथासंभव सुधार लाने व के.वि.प्रा के हर आयोजन/कार्यक्रम से पूर्व इस थीम सॉन्ग को बजाने की व्यवस्था से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को शीध्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई- थीम सांग टीम/राजभाषा अनुभाग)**

**मद सं. 3: केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के प्रभागों एवं अनुभागों द्वारा विगत तिमाही में किए गए पत्राचार की समीक्षा ।**

बैठक में चर्चा के दौरान, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के प्रभागों एवं अनुभागों द्वारा 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी कागजात, हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर, अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर, 'क', 'ख' एवं ग क्षेत्रों को भेजे गए मूल पत्रों तथा फाइलों पर हिंदी में कार्य की स्थिति की समीक्षा की गयी।

राजभाषा प्रभारी द्वारा सूचित किया गया कि केविप्रा में 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र के कार्यालयों के साथ किए गए मूल हिंदी पत्राचार का प्रतिशत **98.27, 94.91 तथा 93.91** प्रतिशत रहा है। विगत तिमाही की तुलना में 'क' क्षेत्र में **0.44** प्रतिशत की वृद्धि एवं 'ख' तथा 'ग' क्षेत्र में क्रमशः **2.25 एवं 3.63** प्रतिशत की कमी देखी गई। अध्यक्ष महोदय ने समीक्षा के दौरान विगत तिमाही की तुलना में 'ख' एवं 'ग' क्षेत्रों में पत्राचार में हुई इस कमी को सुधारने के निर्देश देते हुए कम प्रतिशतता वाले प्रभागों/अनुभागों में राजभाषा अनुभाग द्वारा आंतरिक निरीक्षण को बढ़ाने के आवश्यक निर्देश दिए।

**(कार्रवाई- सभी प्रभाग व अनुभाग/राजभाषा अनुभाग)**

**मद सं. 4: के.वि.प्रा की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका (विद्युत वाहिनी) के सप्तम अंक का प्रकाशन**

राजभाषा प्रभारी ने बताया कि विद्युत वाहिनी का ‘संसाधन पर्याप्तता विशेषांक’ पर षष्ठम अंक जारी किया जा चुका है तथा सप्तम अंक की तैयारी पूरी हो चुकी है। पत्रिका के मार्च, 2024 के अंतिम सप्ताह तक प्रकाशित होने की संभावना है। इस पर सदस्य (पॉवर सिस्टम) ने सुझाव दिया की प्रभागों/अनुभागों को फोन के माध्यम से लेख आमंत्रित करें। यह भी सुझाव दिया गया की विशेषांको का एक कैलेंडर बनाया जाए और पहले से ही ईमेल या फोन के माध्यम से तथा परिपत्र जारी करके लेख आमंत्रित करने का कार्य शुरू कर दिया जाए।

लेखों को अस्वीकृत करने पर ईमेल द्वारा लेखक को सूचित करने का सुझाव भी दिया गया। साथ ही के.वि.प्रा के बाहर से आए उत्कृष्ट लेखों को भी शामिल करने की अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमति दी

गई । अध्यक्ष महोदय ने स्पष्ट रूप से कहा कि “विद्युत” विषय से जुड़े लेख ही पत्रिका में प्रकाशित करने को प्राथमिकता दी जाए । अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया की विशेषांको के प्रकाशन हेतु पूर्व योजना बनाई जाए और इस संबध में वार्षिक कैलेंडर बनाकर आगामी विशेषांको का विषय भी पहले से ही निर्धारित कर लिया जाए।

अध्यक्ष महोदय द्वारा विद्युत वाहिनी के अगले अंकों के लिए कई विषयों का सुझाव दिया गया जैसे- भंडारण (स्टोरेज), अक्षय ऊर्जा एकीकरण (आर इ इंटीग्रेशन), वितरण योजना (डिस्ट्रीब्यूशन प्लान), ऊर्जा बाज़ार (एनर्जी मार्केट्स) और तापीय (थर्मल) आदि।

**(कार्रवाई- विद्युत वाहिनी संपादक मंडल/राजभाषा अनुभाग)**

**मद सं. 5: हिंदी कार्यशाला आयोजित करने के संबंध में चर्चा**

बैठक में सूचित किया गया कि राजभाषा नियमानुसार किसी भी कार्यालय में 80% से अधिक कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों की स्थिति के अनुसार, भारत के राजपत्र में अधिसूचित कार्यालय में प्रत्येक तिमाही में एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जाना आवश्यक होता है। तद्नुसार, केविप्रा में भी वर्ष में 4 हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की जातीं हैं ।

राजभाषा प्रभारी द्वारा बताया गया की दिनांक 23.01.2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित किये जा रहे रक्त दान शिविर के दौरान ही "नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन से सीख" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें अतिथि वक्ता पद्मश्री सम्मानित प्रोफ़ेसर डॉ. रविंद्र कुमार को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया की कार्यशालाओं के आयोजन हेतु पूर्व योजना बनाई जाए और इस संबध में वार्षिक कैलेंडर बनाकर आगामी कार्यशालाओं का विषय भी पहले से ही निर्धारित कर लिया जाए।

**(कार्रवाई- राजभाषा अनुभाग)**

**मद सं. 6: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय**

राजभाषा के प्रयोग हेतु वर्ष 2024-25 के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम पर भी चर्चा की गयी और हिंदी में किये गए पत्राचार की प्रतिशतता को बढ़ाने का निर्देश अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया। हिंदी पुस्तकों की खरीद के संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा खरीदी गयी पुस्तकों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए ।

अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा अनुभाग को संसदीय राजभाषा समिति से सराहना पाने की दिशा में उत्कृष्ठ एवं नवीन प्रयास अविलंब प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई- राजभाषा अनुभाग)**

अंत में राजभाषा प्रभारी द्वारा अध्यक्ष महोदय, विशेष आमंत्रित केविप्रा के सदस्यों, एवं बैठक में उपस्थित समिति के सभी सदस्यों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

*********

केन्द्रिय विद्युत प्राधिकरण

राजभाषा अनुभाग

दिनांक-20.03.2024 समय- अपराह्न- 3.00 बजे से

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक की उपस्थिति

| क्र. सं. | नाम/श्री/सर्वश्री/सुश्री/श्रीमती | पदनाम | प्रभाग/अनुभाग | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्वश्री घनश्याम प्रसाद | अध्यक्ष | के.वि.प्रा. | - ह. - |
| 2 | श्री आर. बालन | सदस्य (योजना) | प्लानिंग विंग | - ह. - |
| 3 | श्री अजय तालेगांवकर | सदस्य (आर्थिक एवं वाणिज्यिक) | ई एण्ड सी विंग | - ह. - |
| 4 | श्री अशोक कुमार राजपूत | सदस्य (विद्युत प्रणाली) | पी एस विंग | - ह. - |
| 5 | श्री प्रवीण गुप्ता | सदस्य (तापीय) | थर्मल विंग | - ह. - |
| 6 | श्री उपेन्द्र कुमार | मुख्य अभि. एवं राजभाषा प्रभारी | आई सी एंड सी | - ह. - |
| 7 | पवन कुमार गुप्ता | उप-निदेशक | डी पी एंड टी | पवन |
| 8 | श्री. एस. मोहनकुमार | डी. डी. | सी. डी. | मोहन 20.3.2024 |
| 9 | राकेश कुमार | सचिव | सचिव | राकेश |
| 10 | बलवान कुमार | निदेशक | एच पी पी एंड आई | [signature] |
| 11 | शिवचरण छिरौलिया | निदेशक | एच पी एम | [signature] |
| 12 | राजीव वार्ष्णेय | निदेशक | एच पी ए. | राजीव |
| 13 | सत्येन्द्र कुमार डोटान | निदेशक | एन पी सी | सत्येन्द्र |
| 14 | ममता सिंह | उप महानिदेशक | ई पी डी | [signature] |
| 15 | अमित कुमार | निदेशक | IT + Procurement cell | [signature] |
| 16 | राजीव कुमार मित्तल | निदेशक | टी.ई. एंड टी.डी. | राजीव |
| 17 | आनन्द उपाध्याय | निदेशक | बजट एवं लेखा | आनन्द उपाध्याय |
| 18 | एस एम आरमोल | निदेशक | PSPM | एस एम आरमोल |
| 19 | पूजा जैन | उप-निदेशक | DP&M | पूजा |
| 20 | ओ. पी. कुमार | निदेशक | GM | [signature] |
| 21. | नरेश कुमार | निदेशक | Legal | [signature] |
| 22. | तरुण अग्रवाल | उपनिदेशक | विधि (Legal) | [signature] |
| 23. | निशान्त चोहला | सहायक निदेशक | PSETD | निशान्त |

केन्द्रिय विद्युत प्राधिकरण

राजभाषा अनुभाग

दिनांक-20.03.2024 समय- अपराह्न- 3.00 बजे से

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक की उपस्थिति

| | क्र. सं. | नाम/श्री/सर्वश्री/सुश्री/श्रीमती | पदनाम | प्रभाग/अनुभाग | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | 21 | कुणाल किशोर | उप निदेशक | एफ.एस.एंड ए. | [signature] |
| 25 | 22 | उमेश मंगल | सहा. निदेशक | एफएसए एंड ए. | [signature] |
| 26 | 23 | किशोर कुमार | उप निदेशक | आर पी & टी | किशोर |
| 27 | 24 | कुमार सौरभ | निदेशक | एफपीपीए | [signature] |
| 28 | 25 | जितेन्द्र कुमार मीणा | निदेशक | आई आर-II | [signature] |
| 29 | 26 | राहुल सिंह | उपनिदेशक | सी ई आई | [signature] |
| 30 | 27 | सोनम श्रीवास्तव | सहायक निदेशक | एन पी सी & आर म | [signature] |
| 31 | 28 | निक्की वर्मा | उप निदेशक | वाणिज्य (91) | [signature] |
| 32 | 29 | कन्हैया सिंह कुशवाहा | सहायक निदेशक | पी एस पी ए-1 | कन्हैया |
| 33 | 30 | राजकुमार जायसवाल | निदेशक | एन ई टी डी एवं आर एंड डी | राजकुमार |
| 34 | 31 | सुयश आयुष वर्मा | उप निदेशक | ओ.पी. एम | [signature] |
| 35 | 32 | रोहित नागर | उप निदेशक | आर पी एम | [signature] |
| 36 | 33 | नवाब फुरकान | उप निदेशक | पी डी एम | [signature] |
| 37 | 34 | प्रियम श्रीवास्तवा | उप निदेशक | पी सी डी | प्रियम |
| 38 | 35 | लालरिनसांगा | निदेशक | आर. ए. | LRinsanga. |
| 39 | 36 | नरेन्द्र सिंह | मु. अभियन्ता | TPRM | नरेन्द्र सिंह |
| 40 | 37 | Pawan Kumar Meena | Deputy Director | HRD | Pawan |
| 41 | 38 | PRATHAM KUMAR | Deputy Director | Services | [signature] |
| 42 | 39 | भगवान सहाय बैरवा | निदेशक | पी एस पी ए-2 | [signature] |
| 43 | 40 | उषा वर्मा | उप नि. (राजभाषा) | राजभाषा अनुभाग | [signature] |

केन्द्रिय विद्युत प्राधिकरण

राजभाषा अनुभाग

दिनांक-20.03.2024 समय- अपराह्न- 3.00 बजे से

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक की उपस्थिति**

| | क्र. सं. | नाम/श्री/सर्वश्री/सुश्री/श्रीमती | पदनाम | प्रभाग/अनुभाग | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 44 | 41 | दिव्या मांदीवाल | कनि० अनु० अधिकारी | राजभाषा अनुभाग | [signature] |
| 45 | 42 | शरद कुमार | आशुलिपिक | राजभाषा अनुभाग | शरद कुमार |
| 46 | 43 | गोविन्द कुमार | एम.टी.एस | राजभाषा अनुभाग | गोविन्द कुमार |
| 47 | 44 | वंदना सिंघल | मुख्य अभियंता | डी.पी. एण्ड एम. | —ह.— |
| 48 | 45 | शांतनु बिस्वास | निदेशक | टी.पी.एम. | —ह.— |
| 49 | 46 | शेफाली दुष्यन्त | एस.टी.ओ. | राजभाषा अनुभाग | |
| 50 | 47 | रश्मि झा | एस.टी.ओ | राजभाषा अनुभाग | —ह.— |
| 51 | 48 | हेमंत जैन | सदस्य (ग्रिड प्रचालन एवं वितरण) | ~~डिस्ट्रीब्यूशन विंग~~ G.O.D. | —ह.— |
| 52 | 49 | | | | |
| 53 | 50 | | | | |
| 54 | 51 | | | | |
| 55 | 52 | | | | |
| 56 | 53 | | | | |
| 57 | 54 | | | | |
| 58 | 55 | | | | |
| 59 | 56 | | | | |
| 60 | 57 | | | | |
| | 58 | | | | |
| | 59 | | | | |
| | 60 | | | | |